देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 102 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...नया सामरिक अड्डा



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 18 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 24.0°

37020.14

2 चीन को लेकर नरम पड़े राष्ट्रपति ट्रंप

7 मुझे 3 महीने दीजिए, मैं फिर बनाऊंगा रन

# कोई नहीं छू सकता एक इंच जमीन

## लद्दाख से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का चीन को सख्त संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लेह/श्रीनगर। लेह के दौरे पर पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के जवानों को संबोधित करते हुए चीन को एक सख्त संदेश दिया। रक्षामंत्री ने लेह की लुकुंग चौकी पर जवानों को संबोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में ये कहा कि भारत की एक इंच जमीन को दुनिया की कोई ताकत छू नहीं सकती है।

रक्षामंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अगर भारत के स्वाभिमान पर चोट करने की कोशिश हुई तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। राजनाथ सिंह ने लद्दाख की लुकुंग चौकी पर भारतीय सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत में जो कुछ अब तक की प्रगति है, वो पॉजिटिव है। मामला हल होना चाहिए। लेकिन कहां तक हल होगा, अभी इस संबंध में मैं कोई गारंटी नहीं दे सकता हूं।



### हमें भारतीय सेना के ऊपर नाज है

सेना की तारीफ करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना के ऊपर हमें नाज है। मैं जवानों के बीच आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। हमारे जवानों ने शहादत दी है। इसका गम 130 करोड़ भारतवासियों को भी है। भारत का नेतृत्व सशक्त है। हमें पीएम नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है। वो फैसला लेने वाले प्रधानमंत्री हैं।

**चोट पहुंचाने की कोशिश की, तो देंगे मुंहतोड़ जवाबः** राजनाथ ने आगे कहा, मैं इतना यकीन मैं जरूर दिलाना चाहता हूं कि भारत की एक इंच जमीन भी दुनिया की कोई ताकत छू नहीं सकती, उस पर कोई कब्जा नहीं कर सकता। इससे पहले राजनाथ सिंह ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि हम अशांति नहीं चाहते हम शांति चाहते हैं।

हमारा चरित्र रहा है कि हमने किसी भी देश के स्वाभिमान पर चोट मारने की कभी कोशिश नहीं की है। भारत के स्वाभिमान पर यदि चोट पहुंचाने की कोशिश की गई तो हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे और मुंहतोड़ जवाब देंगे।

**हमने कभी किसी देश की जमीन पर कब्जा नहीं किया:** सारी दुनिया को संदेश देते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का इकलौता देश है जिसने सारे विश्व को शांति का संदेश दिया है। हमने किसी भी देश पर कभी आक्रमण नहीं किया है और न ही किसी देश की जमीन पर हमने कब्जा किया है। भारत ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है।

### रक्षा मंत्री के सामने पैरा ड्रापिंग अभ्यास

लेह में भारतीय सशस्त्र बलों के सैनिकों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में पैरा ड्रापिंग अभ्यास किया। जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री लेह स्थित उत्तरी कमान की 14 कोर के मुख्यालय में सेना अधिकारियों से बैठक कर पूर्वी लद्दाख के मौजूदा हालात पर चर्चा करेंगे। एलएसी पर तैनात जवानों से भी मिलेंगे।

### कश्मीर में सुरक्षा हालात भी जानेंगे

रक्षा मंत्री कश्मीर में सुरक्षा हालात की भी जानकारी लेंगे। इस समय कश्मीर में आतंकवादियों पर कड़े प्रहार कर स्थायी शांति कायम करने की कोशिश सतत जारी है। सेना की पंद्रह कोर मुख्यालय श्रीनगर में रक्षा मंत्री अधिकारियों से बैठक करेंगे।

## मारे गए तीन आतंकियों में एक जैश का पाक कमांडर

■सेना के 3 जवान जख्मी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में नागनाड़ चिम्मर इलाके में शुक्रवार को सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एक मुठभेड़ हुई, मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए हैं। सेना के तीन जवान भी जख्मी हुए हैं अन्य विवरण प्रतीक्षारत है। आईजी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कुलगाम में मारे गए तीन आतंकवादियों में अभी 2 की पहचान नहीं हुई है। एक जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर है वालिद भाई, ये प्प्क एक्सपर्ट था और पिछले डेढ़ साल से यहां सक्रिय था। ये अब तक चार बार भागने में कामयाब रहा था और मोस्ट वांटेड था।

जम्मू- कश्मीर पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बताया कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक जैश ए मोहम्मद का पाकिस्तानी कमांडर भी है। यह पाकिस्तानी आतंकी आईईडी विशेषज्ञ था और बीते 2 माह के दौरान चार बार मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों की चंगुल से बच निकलने में कामयाब रहा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज तड़के पुलिस को सूचना मिली थी कि आतंकियों का एक दल नागनाड़, चिम्मर में एक जगह अपने किसी संपर्क सूत्र से मिलने आया है।

सूचना मिलत ही पुलिस ने सेना की 9 आरआर और सीआरपीएफ के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया। सुबह पांच बजे के करीब जवानों ने घेराबंदी शुरु की।

## मुख्यमंत्री ने की शिप्रा पाठक से शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। शुक्रवार को नदी जल की स्वच्छता को बनाये रखने को लेकर जनजागरण की अलख जगाने के लिए पैदल चलकर 108 दिनों में अकेले नर्मदा की 3600 कि.मी. परिक्रमा करने वाली उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूँ निवासी शिप्रा पाठक ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने शिप्रा पाठक के इस साहसिक एवं प्रेरणापरक कार्य के लिए उन्हें सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान सुश्री शिप्रा पाठक ने बताया कि उन्होंने यह परिक्रमा नवंबर, 2018 में प्रारम्भ की थी, जो फरवरी, 2019 में पूर्ण हुई। यह परिक्रमा उन्होंने मध्यप्रदेश के ओमकारेश्वर से प्रारम्भ की थी, जो महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ होते हुए वापस मध्यप्रदेश में आकर पूरी हुई। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी भावी पीढ़ी धार्मिकता एवं संस्कृति की ओर अग्रसर हो रही हैं।

# पायलट खेमे को हाईकोर्ट से राहत

## सोमवार सुबह 10 बजे तक टली सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी घमासान के बीच सचिन पायलट गुट की ओर से दायर संशोधित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान पायलट खेमे को थोड़ी राहत जरूर मिली। कोर्ट ने विधानसभा स्पीकर को मंगलवार शाम तक नोटिस पर कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही है। इसी के साथ कोर्ट ने मामले पर सुनवाई सोमवार यानी 20 जुलाई, सुबह 10 तक के लिए टाल दी है।

शुक्रवार को हाईकोर्ट की डिविजन बेंच में सुनवाई के दौरान पायलट खेमे की ओर से हरीश साल्वे ने अपनी दलीलें रखीं। उन्होंने कहा कि पायलट गुट ने दल-बदल कानून का उल्लंघन नहीं किया है। ऐसे में स्पीकर को नोटिस देने का अधिकार नहीं है। साल्वे के बाद मुकुल रोहतगी ने भी पक्ष रखा। हाईकोर्ट में सचिन पायलट गुट की पैरवी के बाद स्पीकर की ओर से दलील देते हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका को तत्काल खारिज करने की अपील की। जिसके बाद हाईकोर्ट ने 20 जुलाई सुबह 10 बजे तक मामले पर सुनवाई टाल दी है।

**साल्वे ने स्पीकर के आदेश पर उठाए सवालः** पायलट खेमे के वकील हरीश साल्वे ने कोर्ट में अपनी दलील में स्पीकर के आदेश पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में दसवीं अनुसूची का उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने स्पीकर को कोर्ट में बुलाने की मांग की।

### साल्वे की दलील- पार्टी को जगाना बगावत नहीं

हरीश साल्वे ने सचिन पायलट के पक्ष में दलील देते हुए कहा कि पार्टी को जगाना बगावत नहीं है। विधानसभा के बाहर दल-बदल कानून का प्रावधान लागू नहीं होता है। ऐसे में स्पीकर को नोटिस देने का अधिकार नहीं है। साल्वे ने दलील में ये भी कहा कि पार्टी ग्रुप ने कोई विद्रोह नहीं किया है, वह सिर्फ अपनी बात रखने के लिए गए थे। साल्वे ने कहा कि अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत बोलने की आजादी के अधिकार के खिलाफ है जो उन्हें नोटिस थमाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुको में योगी सरकार, दुबे एनकाउंटर फेक नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कानपुर कांड का मुख्य आरोपी विकास दुबे के एनकाउंटर पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस से जवाब तलब किया। यूपी पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह मुठभेड़ फेक नहीं थी। पुलिस ने दुबे समेत उसके गुर्गों को मार गिराए जाने को लेकर कोर्ट में शुक्रवार को विस्तृत जवाब दाखिल किया। सुप्रीम कोर्ट के सामने विस्तृत जवाब दाखिल करते हुए यूपी पुलिस ने कहा कि एनकाउंटर सही थे। उन्हें फेक नहीं कहा जा सकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी।

### एमपी में कांग्रेस विधायक सुमित्रा देवी ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भोपाल। एमपी में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस के एक और विधायक ने इस्तीफा दे दिया है। बुरहानपुर जिले के नेपानगगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुमित्रा देवी ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधासभा सचिवालय को लिखित इस्तीफा भेजा दिया है। एक सप्ताह के अंदर कांग्रेस के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। राजस्थान में सियासी संग्राम अभी नहीं थमा है। इधर एमपी में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है।

### अंडमान निकोबार में भूकंप के झटके, तीव्रता 4.8

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पोर्टब्लेयर। भारत में भूकंप के झटकों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नैशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी ने इसकी जानकारी दी। सेंटर ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.8 रही। हालांकि, इससे जाननमाल के नुकसान की खबर नहीं है। द्वीप समूह की राजधानी पोर्टब्लेयर से 250किमी पूर्व की ओर भूकंप का केंद्र बताया गया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## कोरोना केस 10 लाख पार

### एक दिन में रिकॉर्ड 34,956 मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड 34,956 मामले आने के साथ शुक्रवार को संक्रमण के मामलों की संख्या 10 लाख को पार कर गई। महज तीन दिन पहले ही संक्रमितों की संख्या नौ लाख के पार हुई थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 10,03,832 हो गए जबकि एक दिन में 687 लोगों की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा 25,602 हो गया है। पिछले 24 घंटों में कुल 22,942 लोग स्वस्थ हुए हैं जो एक दिन में स्वस्थ लोगों की सर्वाधिक संख्या है। इसके साथ ही भारत में 6,35,756 लोग इस संक्रामक रोग से स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 3,42,473 मरीजों का अब भी कोविड-19 का इलाज चल रहा है। एक अधिकारी ने बताया, "अभी तक करीब 63.33 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।'